an>

Title: Regarding drinking water scheme in Ratlam Parliamentary Constituency

इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम): मेरे लोकसभा क्षेत्र रतलाम (मध्य प्रदेश) के जनजाति बाहुल्य विकासखंड बाजना, सैलाना, रतलाम, थांदला, पेटलावद, मेघनगर, झाबुआ, रानापुर, रामा, उदयगढ, जोबट, चन्द्रशेखर आजाद नगर, आलीराजपुर, सोण्डवा, कट्ठीवाडा विकासखंडों में वर्तमान में नलकूप आधारित नलजल योजना स्थापित है, किन्तु इन विकासखंडों में ग्रीष्म ऋतु में भू-जल का जलस्तर अत्यधिक नीचे चले जाने के कारण अधिकांश योजना बंद हो जाती है, जिसके कारण ग्रामवासियों को पेयजल प्राप्त करने के लिए अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त वर्णित विकासखंडों में सतही स्रोत पर आधारित नलजल योजना के क्रियान्वयन हेतु संबंधित मंत्रालय को उचित निर्देश प्रसारित करने का कष्ट करें ।